## एक नजर में

### बिसाखेड़ी में भारतीय संस्कृति का हुआ निर्वहन

**घट्टिया।** समीपस्थ ग्राम बिसाखेड़ी में गत दिनों कपिराज (बंदर) का करंट लगने से दुखद निधन हो गया था। जिस पर से समस्त ग्राम वासियों ने कपिराज का अंतिम संस्कार किया एवं सर्व सहमति से निर्णय लेकर कपिराज का उत्तर कार्य एवं भंडारा आयोजित किया। गत गुरुवार को सिद्ध वट पर भारतीय संस्कृति एवं हिंदू धर्म के अनुसार विधिवत क्रियाक्रम किया जाकर पगड़ी रस्म के पश्चात भंडारे का आयोजन किया। साथ 31 भजन मंडलियों ने भजन प्रस्तुत किए।

### आरक्षक राजीव दोहरे बने प्रधान आरक्षक

**उज्जैन।** पुलिस विभाग में 16 वर्षों तक निष्ठा और समर्पण के साथ सेवाएं देने वाले नागझिरी थाने के आरक्षक राजीव दोहरे को प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति के साथ ही उनका स्थानांतरण थाना नागझिरी से नानाखेड़ा कर दिया गया है। राजीव दोहरे ने अपने 16 साल के सेवाकाल में अनुशासन और पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन किया है।उत्कृष्ट जनसेवा के फलस्वरूप उन्हें प्रधान आरक्षक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस उपलब्धि पर राजकुमार झांझोट सहित अन्य मित्रों, सहकर्मियों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### विश्व साइकिल दिवस पर निकाली रैली

**उज्जैन।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर 3 जून को यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया उज्जैन यूनिट द्वारा शहर में साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली के माध्यम से नागरिकों को स्वस्थ शरीर, स्वच्छ पर्यावरण और ईंधन बचत का संदेश दिया गया। एसोसिएशन के मीडिया प्रमुख जयंत तेलंग ने बताया कि रैली सुबह 7 बजे टावर चौक से शुरू हुई। यहां से साइक्लिस्ट कोठी रोड, नानाखेड़ा और इंदौर रोड होते हुए वापस टावर चौक पहुंचे जहां रैली का समापन हुआ। करीब 12 किलोमीटर लंबी इस साइकिल रैली में 100 से अधिक साइक्लिस्टों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। साइकिल रैली का संयोजन श्रीकांत चौधरी ने किया। आयोजन में प्रदीप पिंगले, आशुतोष पंडित, अशोक वर्मा, दिलीप चौहान, मिलन गुप्ता, राजेश योहान, अमिताभ पंडित, कविता पंडित, नीता कुकडे, शशिकांत विरकर, सुभाष साकोरीकर, सतीश राजगुरु और अजय टिक्कू मुख्य रूप से सम्मिलित हुए।

### चारभुजा नाथ मंदिर में सजा मोगरा फूल झूला

**उज्जैन।** पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में गोला मंडी स्थित चारभुजा नाथ मंदिर में मोगरा फूल झूला उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान भगवान की मनमोहक झांकी और आकर्षक श्रृंगार के दर्शन के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और दर्शन लाभ लिया। उत्सव के मनोरथी दिनेश चंद्र डाढ़ और श्रीमती मनोरमा डाढ़ थे। पंडित बृजभूषण दीक्षित ने पूरे विधि-विधान से पूजन-अर्चन संपन्न कराया। इसके बाद मनोरथी परिवार ने आरती कर भगवान को फल और पेड़े का भोग अर्पित किया। महाआरती के पश्चात उपस्थित भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया। इस पावन अवसर पर मनोरमा और दिनेश चंद्र डाढ़ ने मंगलनाथ मंदिर में अशक्त दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए एक व्हीलचेयर भी भेंट की। मंदिर परिसर में मनोरम झांकी की सजावट अंकित मूंदड़ा द्वारा की गई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष कैलाश नारायण राठी, सचिव वीरेंद्र कुमार गट्टानी, पुरुषोत्तम मास के मुख्य संयोजक दिनेश चंद्र डाढ़, चारभुजा नाथ मंदिर उत्सव समिति के मुख्य संयोजक नृसिंह देवपुरा और संयोजक कैलाश चंद्र गगरानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### श्रोता संवाद की साहित्यक गोष्ठी

**इंदौर .** हिन्दी परिवार इंदौर एवं श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति इंदौर के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित मासिक साहित्यिक गोष्ठी श्रोता संवाद इस बार प्रसिद्ध शायर बशीरबद्र, गढ़ चिरौली, चंद्रपुर महाराष्ट्र के राष्ट्रभाषा समिति प्रमुख मेजर डॉ प्रभात दुबे व पार्श्वगायिका सुमन कल्याणपुर को याद करते हुए उन्हें ही समर्पित रही. सर्वप्रथम वरिष्ठ साहित्यकार सदाशिव कौतुक ने दिवंगत हुए शायर बशीरबद्र के साथ गुजारे व मंच साझा किए गए अपने यादगार अनुभव को बताया. तत्पश्चात अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार हरेराम बाजपेयी ने मेजर डॉ प्रभात दुबे के हिन्दी परिवार के सम्बन्धों को दर्शाते हुए तथा बशीर बद्र व पार्श्वगायिका सुमन कल्याणपुर को भी याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की. तत्पश्चात काव्य गोष्ठी मे डॉ रमेश चन्द्र, दिनेश दवे, डॉ आरती दुबे, डॉ कवीन्द्र भारद्वाज, अनिल ओझा, उर्मिला राइकवार और प्रदीप नवीन ने अपनी रचनाएं सुनाई. कमल कासलीवाल ने रवीन्द्रनाथ ठाकुर रचित प्रसिद्ध काव्य कृति गीतांजलि पर प्रकाश डाला. साहित्यिक गोष्ठी का संचालन सन्तोष मोहन्ती ने बशीरबद्र के शेरों को पढ़ते हुए किया.

### पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेदारी भी

**इंदौर .** विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के उपलक्ष्य में जिम्मी मगिलिगन सेंटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट द्वारा आयोजित 34 वें वार्षिक पर्यावरण संवाद सप्ताह 2026 के चौथे दिन एडू सीरमएक्स नर्सिंग कॉलेज में पर्यावरणविद् और समाजसेविका पद्मश्री डॉ. जनक पलटा मगिलिगन के मुख्य आतिथ्य में जलवायु कार्रवाई में नर्सों की भूमिका विषय प्रेरणादायी आयोजन हुआ. इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और संकाय सदस्यों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार संरक्षक बनने तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में स्वास्थ्य पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका को समझने के लिए प्रेरित करना था. कार्यक्रम में डॉ. जनक पलटा मगिलिगन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल जागरूकता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जलवायु कार्रवाई के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है. कार्यक्रम का सबसे आकर्षक हिस्सा इसका इंटरैक्टिव सत्र था, जिसमें नर्सिंग छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण और जलवायु कार्रवाई से संबंधित विचारोत्तेजक प्रश्न पूछकर बड़े उत्साह के साथ भाग लिया. अंत में पर्यावरण शपथ ली गई.

# विश्व ब्राह्मण दिवस पर वैदिक परंपरा का गौरवगान

**▸ ब्राह्मण समाज युवा संस्कार परिवार ने किया ब्रह्म बटुकों एवं वेदाचार्यों का सम्मान**

**नागदा। विश्व ब्राह्मण दिवस 1 जून, के अवसर पर नगर की सामाजिक एवं सांस्कृतिक चेतना का प्रेरणादायी स्वरूप देखने को मिला। ब्राह्मण समाज युवा संस्कार परिवार के तत्वावधान में पालिया रोड स्थित गोपाल गौशाला में गौसेवा के साथ वैदिक संस्कृति संवर्धन एवं सम्मान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वैदिक शिक्षा पूर्ण कर कर्मकांड क्षेत्र में प्रवेश करने वाले ब्रह्म बटुकों एवं विद्वान आचार्यों का सम्मान कर भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण का संदेश दिया गया।**

निलेश मेहता ने बताया कि विश्व ब्राह्मण दिवस प्रतिवर्ष 1 जून को आचार्य चाणक्य की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह दिवस ज्ञान, संस्कार, धर्म, राष्ट्रचिंतन एवं वैदिक परंपराओं के संवाहकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर है।

इस अवसर पर उज्जैन स्थित ज्ञान गंगा वेद विद्यापीठ से वैदिक शिक्षा एवं शास्त्रीय अध्ययन पूर्ण कर वैदिक कर्मकांड को अपनी आजीविका एवं सेवा का माध्यम बनाने वाले युवा ब्रह्म बटुक चिरंजीवी रवि गोस्वामी एवं संदीप गोस्वामी के नागदा आगमन पर उनका विशेष स्वागत किया। वक्ताओं ने कहा कि आज के आधुनिक युग में युवा पीढ़ी का गुरुकुल परंपरा से जुड़कर वेद, शास्त्र एवं सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार का संकल्प लेना समाज के लिए गौरव एवं प्रेरणा का विषय है।

कार्यक्रम में भागवताचार्य पं. कमलेश शर्मा, पं. सुंदरलाल उपाध्याय एवं पं. गोस्वामी विद्वान आचार्यों का दुपट्टा भेंट कर अभिनंदन किया। उपस्थित जनों ने वैदिक परंपरा के संरक्षण और युवा पीढ़ी को संस्कारित बनाने में आचार्यों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

गौसेवा एवं सामाजिक कार्यों में विशेष योगदान के लिए गोपाल गौशाला समिति ट्रस्ट के सदस्य चेन सिंह रघुवंशी, वरिष्ठ पत्रकार कैलाश राठौर तथा प्रकाश मालपानी का भी स्वागत किया गया।

इस अवसर पर संजय राठी, लोकुमल खत्री, महेंद्र अवस्थी, निलेश मेहता, रमेश पांचाल, मांगीलाल पांचाल, बादाम सिंह परिहार, विजय गुजराती, कालू सिंह गुर्जर सहित बड़ी संख्या में गौभक्त एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

विश्व ब्राह्मण दिवस पर ब्राह्मण समाज युवा संस्कार परिवार ने यह संदेश दिया कि वेद, शास्त्र, संस्कृति एवं गौसेवा की परंपरा केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है।

# लैंक्सेस के लिए सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

**▸ हादसे की जांच जारी**

**नागदा। नागदा स्थित हमारे संयंत्र में बूम लिफ्टर की सहायता से नियमित रखरखाव कार्य के दौरान दो संविदा कर्मियों के साथ एक दुर्घटना हुई। उपकरण में तकनीकी खराबी आने के कारण दोनों संविदा कर्मी लगभग 4 मीटर की ऊंचाई से नीचे गिर गए। इस खराबी के कारणों की जांच की जा रही है।**

दुर्घटना में दोनों संविदा कर्मी घायल हुए, जिन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई। इनमें से एक कर्मी का उपचार जनसेवा अस्पताल में किया गया और उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। दूसरे कर्मी को बेहतर उपचार हेतु इंदौर के एक विशेषज्ञ अस्पताल में स्थानांतरित किया गया है। जहां उनका आवश्यक उपचार जारी है। उनकी स्थिति स्थिर है तथा चिकित्सकीय निगरानी में है। लैंक्सेस प्रभावित परिवार एवं संबंधित ठेकेदार को हरसंभव आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

लैंक्सेस के लिए सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। दुर्घटना के तुरंत बाद आपातकालीन प्रोटोकॉल लागू किए गए, जिससे घायल कर्मी एवं उनके परिवार को शीघ्र चिकित्सा सहायता और आवश्यक सहयोग सुनिश्चित किया जा सका। संबंधित शासकीय अधिकारियों को समय पर सूचित कर दिया गया है तथा आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के लिए सभी संबंधित पक्षों के साथ सहयोग किया जा रहा है। उक्त जानकारी सुनील कुमार गुलाटी ने दी।

# अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश पदाधिकारियों का नगर प्रवास

**बड़नगर। संगठन में युवाओं की भागीदारी और वैश्य बंधुओं की राजनीति में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर वैश्य समाज को मजबूत और संगठित करना ही हमारा मुख्य लक्ष्य है। यह विचार अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप धारिया ने बड़नगर प्रवास के दौरान , व्यास कॉलोनी पर व्यक्त किए।**



आपने ने वैश्य व्यवसायियों को आपस में जुड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय से न केवल सामाजिक एकता बढ़ेगी, बल्कि व्यापार व्यवसाय में भी अभूतपूर्व वृद्धि होगी। उन्होंने उपस्थित समाजजानो के साथ नई ऊर्जा के साथ सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने संबंधी विचारों को साझा किया।

महासम्मेलन की बड़नगर इकाई द्वारा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलदीप धारिया कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष , अरविंद जैन प्रदेश संगठन मंत्री, संजय मेहता संभागीय कार्यकारी अध्यक्ष का दुपट्टा पहनाकर एवं पुष्पमाला अर्पित कर स्वागत-सत्कार किया गया।

साथ ही वैश्य समाज को प्रदेश एवं संभाग स्तर पर अधिक सक्रिय बनाने के उद्देश्य से संगठन में नवीन नियुक्तियां की गई। जिसमे प्रदेश मंत्री डॉ. वासुदेव काबरा, संभागीय महामंत्री मनीष पोरवाल, संभागीय उपाध्यक्ष मनोज बिलाला, संभागीय उपाध्यक्ष मनोज बाकलीवाल , संभागीय संगठन मंत्री गजेंद्र सकलेचा को नियुक्त किया गया। समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्प माला से स्वागत किया गया। साथ ही अतिथियों द्वारा संस्था के अध्यक्ष वनीषराज कटारिया का कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष नियुक्त होने पर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन संस्था अध्यक्ष वनीषराज कटारिया एवं संचालन साकेत गामा ने किया। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी विष्णु पोरवाल, राजकुमार पोरवाल, अंकित खाबिया, संजय पोरवाल, अर्पित पोरवाल, निलेश काला आदि उपस्थित रहे।

# घायल श्रमिक को उद्योग प्रबंधन ने दी 1 लाख की आर्थिक सहायता

**नागदा।** नागदा स्थित लेंक्सेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में हाल ही में रखरखाव कार्य के दौरान हुई दुर्घटना में घायल हुए संविदा श्रमिक को उद्योग प्रबंधन द्वारा मानवीय संवेदनाओं के तहत आर्थिक सहायता के रूप में 1 लाख की राशि उपलब्ध कराई गई है।

उल्लेखनीय है कि संयंत्र परिसर में बूम लिफ्ट के माध्यम से नियमित रखरखाव कार्य के दौरान तकनीकी खराबी के कारण दो संविदा श्रमिक लगभग चार मीटर की ऊंचाई से नीचे गिर गए थे। दुर्घटना के तुरंत बाद उद्योग प्रबंधन द्वारा दोनों श्रमिकों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई। एक श्रमिक का उपचार जनसेवा अस्पताल में कराकर उन्हें स्वस्थ होने पर छुट्टी दे दी गई, जबकि दूसरे श्रमिक को बेहतर उपचार हेतु पहले उज्जैन एवं बाद में इंदौर के विशेषज्ञ अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

चिकित्सकीय जांच में घायल श्रमिक को गंभीर चोट के उपचार के लिए चिकित्सकों द्वारा आवश्यक शल्य चिकित्सा (माइनर सर्जरी) भी की गई। श्रमिक का उपचार उसकी निजी बीमा पॉलिसी के अंतर्गत कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त उपचार एवं अन्य आवश्यक खर्चों में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से उद्योग प्रबंधन ने संबंधित ठेकेदार के माध्यम से 1 लाख की आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई है।

उद्योग प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि घायल श्रमिक के पूर्ण स्वास्थ्य लाभ तक हरसंभव सहयोग जारी रखा जाएगा। उद्योग प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि रखरखाव कार्य के दौरान उपयोग में लाई जा रही बूम लिफ्ट आधुनिक सुरक्षा तकनीकों से युक्त थी। उक्त लिफ्ट में श्रमिक सुरक्षा युक्त केज (प्लेटफॉर्म) के भीतर खड़े होकर कार्य करते हैं। तकनीकी खराबी के कारण प्लेटफॉर्म नीचे आया, किंतु श्रमिक सीधे ऊंचाई से जमीन पर नहीं गिरे थे। सुरक्षा केज एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं के कारण दुर्घटना का प्रभाव अपेक्षाकृत सीमित रहा तथा संभावित गंभीर नुकसान को काफी हद तक रोका जा सका।

प्रबंधन के अनुसार बूम लिफ्ट में उपलब्ध सुरक्षा सुविधाओं एवं मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल के पालन से श्रमिकों को अतिरिक्त सुरक्षा प्राप्त हुई। घटना के बाद तत्काल राहत एवं चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए तकनीकी जांच एवं आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।

प्रबंधन ने कहा कि कर्मचारियों एवं श्रमिकों की सुरक्षा संस्था की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा घायल श्रमिक एवं उनके परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराना संस्था की जिम्मेदारी है। उद्योग प्रबंधन उपचार, पुनर्वास एवं अन्य आवश्यक सहयोग के लिए निरंतर परिवार के संपर्क में है।

# बच्चों को मंच देना ही भविष्य को दिशा देना है : मुकेश जोशी

**उज्जैन।** बच्चों को अभिव्यक्ति का मंच देना ही उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव है। यह विचार प्रेमचंद सृजनपीठ के निर्देशक मुकेश जोशी ने बालमंच एवं परिष्कृति द्वारा आयोजित 41वें हल्ला गुल्ला बाल नाट्य शिविर के समापन समारोह में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर बच्चों की सृजनात्मकता को निखारने के साथ उनके व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

बालमंच एवं परिष्कृति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर का समापन समारोह अत्यंत उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन नियति चौहान एवं हिमानी अहिरवार ने किया।

समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. कात्यायन मिश्र एवं श्रीपाद जोशी की गरिमामयी उपस्थिति रही। अध्यक्षता बालमंच के संरक्षक प्रवीण ठाकुर ने की। शुभारंभ वरिष्ठ रंगकर्मी सतीश दवे एवं अतिथियों ने मां सरस्वती के पूजन, दीप प्रज्जवलन एवं बालमंच के जन्मदाता डॉ. पवन कुमार मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

कार्यक्रम के दौरान एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए डॉ. कात्यायन मिश्र ने बालमंच को गोद लेने की बात कही। संस्था के अमित माथुर ने बताया की 1 मई से 1 जून तक चले इस शिविर में बच्चों ने नाटक, संगीत, नृत्य, अखाड़ा, ओरिगामी, क्ले आर्ट एवं चित्रकला जैसी विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर के दौरान बच्चों ने न केवल कला सीखी, बल्कि सामूहिकता, अनुशासन एवं सहयोग की भावना को भी आत्मसात किया।

शिविर में भाग लेने वाले बच्चों पंछी चौहान, माधव यादव, रौनक कसेरा, शालीन स्वामी, योगिता बैंडवाल, शनाया परमार, ध्रुव यादव, आशुतोष अहिरवार, रिहांशी नागवंशी, वंशिका बैंडवाल, मयंक वर्मा, दीप मालवीय, त्वमेव भट्ट, गंतव्य जैन, सना टटवाल, गुंजन पेड़वा, हिमानी अहिरवार एवं नियति चौहान ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

समापन समारोह में बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीत, नाटक, समूह नृत्य एवं लाठी प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रत्येक प्रस्तुति पर दर्शकों ने उत्साहपूर्वक तालियाँ बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। डॉ. हेमलता ओझा द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन 'वंदे मातरम' के साथ हुआ।

इस अवसर पर संस्था के सुदर्शन स्वामी, शशिधर नागर, ऋषि वर्मा, विधि वर्मा, रौनक शाक्य, अमित माथुर, क्षितिज कुमार, शिरीष सत्यप्रेमी, पूर्णता यार्दे, नियति माथुर, ऋचा भट्ट, दृष्टि जैन, लकी गोयल, हिमांशु शर्मा, ऐषानी माथुर, राधिका मिमरोट,करण बड़गोत्या, प्रणव बेंडवाल, प्रिंस नागवंशी, कबीर रैशवाल आदि उपस्थित रहे। जानकारी अमित माथुर ने दी।

## घटिया व गुणवत्ता विहीन नारायणा रोड निर्माण से जनता त्रासदी झेलने को लाचार, शासन-प्रशासन ध्यान देवे : नवलखा

**महिदपुर। नगरपालिका परिषद की उदासीनता व लापरवाही से नारायणा रोड़ निर्माण में भारी धांधली हो रही है। शासन व प्रशासन को शीघ्र पूरे रोड़ निर्माण की तकनीकी एवं प्रशासकीय जांच करना चाहिये। जनधन का भारी दुरुपयोग व मनमर्जी न.पा. एवं ठेकेदार द्वारा की जा रही है।**

उज्जैन महिदपुर नगर के शार्ट रुअ पर तकनीकी मापदण्डों की एवं गुणवत्ता विहीन माल के उपयोग से आने वाली पहली बरसात में ही सड़क उखड़ या बह जावेगी जिससे जनता को फिर त्रासदी झेलना पड़ेगी। सम्पूर्ण जिला प्रशासन का ध्यान सिर्फ सिंहस्थ 2028 होने से उज्जैन की तरफ है। घटिया निर्माण व मटेरियल से रोड़ क्षतिग्रस्त होना तय है। मिट्टी पर पर्याप्त पानी की छिटकाव नहीं करके कमजोर गिट्टी डाल दी है। उपर से गिट्टी की राख मिली चूरी डालकर गिलास से डामर का तेल का छिटकाव करके डामर कर दिया है। म.प्र. कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता व न.पा. के पूर्व उपाध्यक्ष व रहवासी अशोक नवलखा ने जिला प्रशासन से ठोस एवं परिणामी कार्यवाही करने का निवेदन किया है। ताकि घटिया व स्तरहीन कार्यो की पोल खुल सकें व दोषी दण्डित हो सकें। न.पा. परिषद को भी इस ओर ध्यान देना चाहिये।

## बोहरा समाजजनो ने ईद-ए-ग़दीर के मौके पर किया पौधारौपण एवं राशि रुपए 25 हजार भेंट किए

**उज्जैन।** हिजरी (मिसरी) कैलंडर के अंतिम महीने ज़िलहज की 18 तारीख़ को दाऊदी बोहरा समाज ने ईद-ए-ग़दीर का पर्व मनाया। दिन में रोज़ा रख विशेष नमाज़ भी अदा की। ईद-ए-ग़दीर बोहरा समाज (शिया मुसलमानों) का एक प्रमुख और महत्वपूर्ण त्योहार है।

यह त्योहार उस घटना की स्मृति में मनाया जाता है। जिसमें इस्लाम के पैग़म्बर मोहम्मद साहब ने अपने चचेरे भाई और दामाद अली इब्ने अबी तालिब को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया था। यह त्योहार मिसरी (हिजरी) कैलंडर के माह ज़ुल-अल-हिज्जा की 18 तारीख़ को मनाया जाता है। हदीस के अनुसार इस ईद को सर्वश्रेष्ठ ईद माना गया है। ईद-ए-ग़दीर के पावन अवसर पर दाऊदी बोहरा समाज के हाजी मुल्ला क़ुतुब फातेमी, शेख़ सैफ़ुद्दीन भाई ताहेरी ग्लास वाला, शेख़ क़ासिम अली गोटभाई वाला, शेख़ सादिक़ अली अक्कड़, ख़ोज़ेमा चांदाभाई वाला, डॉ फातेमा, ने उज्जैन में अंबोदिया गाँव स्थित अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम मे पौधारोपण आश्रम के प्रबंधक सुधीर भाई के सानिध्य में किया। हाजी मुल्ला क़ुतुब फातेमी ने सुधीर भाई को राशि रूपये 25 हजार भेंट की।

**एक नजर में** ▸ **आज लेंगे गोपालजी जन्म**

# बांके बिहारी मंदिर में धूमधाम से मना राम जन्मोत्सव

**उज्जैन।** अंकपात मंगलनाथ मार्ग स्थित ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में इन दिनों श्रीमद्भागवत कथा की अविरल धारा बह रही है। कथा के तीसरे दिन बुधवार को मंदिर परिसर में प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान पूरा पंडाल भजनों और जयकारों से गुंजायमान हो उठा और श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य कर उत्सव का आनंद लिया। गुरुवार को कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण (गोपालजी) का जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा, जिसमें कान्हा को माखन-मिश्री का विशेष भोग लगाया जाएगा।

मंदिर में प्रख्यात धर्माचार्य पं. हरिनारायण शास्त्री द्वारा श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है। बुधवार की कथा में उन्होंने माता सती प्रसंग और भक्त शिरोमणि मीरा देवी प्रसंग का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

कथा व्यास पं. शास्त्री ने जीवन में वाणी के संयम पर विशेष जोर देते हुए कहा, मुंह से निकला एक भी गलत शब्द महाभारत जैसी विनाशकारी स्थिति पैदा कर सकता है। कटु वचन आपका और आपके पूरे कुल का नाश कर सकते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि जब मय सभा में अर्जुन (दुर्योधन) गिरे थे, तब द्रौपदी का अट्टहास और उनका यह कटाक्ष कि अंधे का पुत्र अंधा ही होता है, इसी ने महाभारत के युद्ध का बीज बोया था। इसलिए हमेशा सोच-समझकर बोलें ताकि आपके शब्दों से किसी को ठेस न पहुंचे।

**नारी मर्यादा में रहना ही सुरक्षा का मार्ग**-पं. शास्त्री ने मर्यादा का संदेश देते हुए कहा कि महिलाओं को अपना श्रृंगार सिर्फ अपने पति के लिए करना चाहिए। संसार के समक्ष उन्हें सदैव नारी मर्यादा का पालन करना चाहिए। मर्यादाओं को तोड़कर आधुनिकता की अंधी दौड़ में शामिल होना पतन का कारण बनता है।

**पाखंडियों के फेर में न पड़ें, मेहनत की कमाई न लुटाएं**-समाज में फैल रहे ढोंग पर प्रहार करते हुए कथा व्यास ने श्रद्धालुओं को पाखंड से बचने की सख्त सलाह दी। उन्होंने कहा कि चमत्कारों की चाह में तरह-तरह के स्थानों पर भटकना पाखंड है। संसार की कोई भी ताकत आपको आपके भाग्य और नसीब से ज्यादा नहीं दे सकती। उन्होंने सचेत किया कि गड़ा धन दिलाना, रातों-रात भाग्य बदलना, दुःख-तकलीफें दूर करना या संपत्ति और औलाद का सुख देने का लालच देने वाले पाखंडी आपको ठगने का प्रयास करेंगे। इनसे बचें और अपनी मेहनत की कमाई इन पर मत लुटाएं। जीवन के संकटों से मुक्ति का एकमात्र मार्ग प्रभु स्मरण है। दुःख-तकलीफ के समय भोलेनाथ की आराधना करें, वे प्रसन्न होकर आपको नारायण की शरण में भेज देंगे, जिससे आपका जीवन बदल जाएगा।